# धनार्जन क्षमता संबंधी निर्णय - कानून के अंतर्गत मिलने वाले लाभ

आपके दावे की पूरी प्रक्रिया के दौरान मोटर एक्सीडेंट इंजरीज़ एक्ट 2017 ('एक्ट') के अंतर्गत हमें नौकरी के द्वारा आपकी धनार्जन क्षमता (अर्निंग कैपेसिटी) पर लगातार पुनर्विचार करना होता है। स्टेट इंश्योरेंस रेगुलेटरी ओथोरिटी (एस आई आर ए - SIRA) ने बीमा करने वाली कंपनियों को आपकी अर्निंग कैपेसिटी पर पुनर्विचार करने में सहायता करने के लिए इस बारे में दिशा-निर्देश विकसित किए हैं।

यह तथ्य पत्र आपको निम्नलिखित चीज़ों को समझने में सहायता करेगा:

- "अर्निंग कैपेसिटी", वाक्यांश से हमारा क्या तात्पर्य है
- आपकी अर्निंग कैपेसिटी का निर्धारण करने के लिए हम किस तरह की जानकारी का प्रयोग करते हैं
- हमें इस बारे में निर्णय लेने की आवश्यकता क्यों है, और
- हमारे इस निर्णय का आपके दावे पर क्या प्रभाव पड़ सकता है।

आपके दावे के संबंध में अर्निंग कैपेसिटी का निर्णय लेते समय हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम निम्नलिखित सिद्धांतों का पालन करें:

- यह सुनिश्चित करना कि हमारी प्रक्रियाएँ निष्पक्ष और सुस्पष्ट हैं
- आपको जानकारी ऐसे तरीके से देना कि वह जानकारीपूर्ण हो और आप उसे आसानी से समझ सकें
- त्रुटियों को शीघ्रता से सुधारना
- कानून के अंतर्गत हमारे दायित्वों को पूरा करना।

## अर्निंग कैपेसिटी संबंधी निर्णय क्या है और इसका मुझ पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

जैसे-जैसे आप उपचार करवाते हैं और अपनी चोटों से उबरते हैं, हम लगातार आपकी कार्य कर पाने की क्षमता का पुनर्निर्धारण करेंगे जिससे हमें आपकी अर्निंग कैपेसिटी का निर्धारण करने में सहायता मिलेगी। आपकी अर्निंग कैपेसिटी के इस निर्धारण से आपके साप्ताहिक लाभों के भुगतान पर प्रभाव पड़ सकता है।

दुर्घटना होने के तुरंत बाद के 78 सप्ताहों के दौरान 'अर्निंग कैपेसिटी' वाक्यांश का अर्थ है कि आप दुर्घटना होने से पहले के अपने कार्य में कितनी साप्ताहिक आय कमा सकते हैं। 78 सप्ताहों के बाद आपकी अर्निंग कैपेसिटी आम श्रम बाज़ार (लेबर मार्किट) में आपके लिए उपलब्ध किसी भी यथोचित नौकरी में आपके द्वारा कमाई जा सकने वाली साप्ताहिक धनराशि है।

हम आपकी **अर्निंग कैपेसिटी** का निर्धारण निम्नलिखित प्रकार की जानकारी को ध्यान में रखते हुए करते हैं:

- आपको लगी चोटों का प्रकार और वे किस तरह ठीक हो रही हैं,
- उपचार और पुनर्वास की आपकी आवश्यकताएँ, इनमें यह भी शामिल है कि क्या उस उपचार और पुनर्वास से आप अपनी धनार्जन क्षमता को बढ़ा पाएँगे या अपने ऐसे उपचार के लिए जाने के लिए यदि आपको काम से अवकाश मिलता है तो क्या उससे आपकी चोटों को ठीक होने में सहायता मिलेगी
- आपके सामान्य चिकित्सक (जी पी) और/या उपचार प्रदाता की सिफ़ारिश के अनुसार आपकी स्वस्थता और काम पर लौट पाने की क्षमता, और
- वाहन दुर्घटना के बाद किसी भी तरह के काम से आपको कितनी आय प्राप्त होती है।

***हम आपकी अर्निंग कैपेसिटी का निर्धारण कैसे करेंगे, यह समझने के लिए निम्नलिखित उदाहरण देखें:***

जॉन को एक वाहन दुर्घटना में चोट पहुँची थी, उसने दावा करने के बाद जो जानकारी प्रदान की उससे यह पुष्टि हुई कि दुर्घटना से पहले वह एक कार्यालय में 30 घंटे काम करके कुल $900.00 प्रति सप्ताह कमाता था, यानि $30.00 प्रति घंटा। दुर्घटना के बाद उसके जी पी ने उसे एक सर्टिफिकेट ऑफ़ कैपेसिटी दिया जो इस बात की पुष्टि करता था कि दुर्घटना में लगी चोट के कारण वह अपने सामान्य काम में केवल 20 घंटे प्रति सप्ताह ही काम कर सकता था।

जॉन के मामले में उसे एक अर्निंग कैपेसिटी का निर्णय जारी किया गया जिसमें लिखा हुआ था कि उसकी अर्निंग कैपेसिटी 20 घंटे प्रति सप्ताह है यानि कि वह $600.00 प्रति सप्ताह कमा सकता है ($30.00 x 20 घंटे)।

जॉन को एक निर्णय भेजा गया जिसमें लिखा था कि उसके आने वाले साप्ताहिक लाभों के भुगतानों में उसकी $600.00 प्रति सप्ताह की धनार्जन क्षमता की राशि को काट कर भुगतान किया जाएगा।

*(साप्ताहिक लाभों की राशि की गणना कैसे की जाती है, इसके बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारा तथ्य पत्र "साप्ताहिक लाभ - कानून के अंतर्गत मिलने वाले लाभ" देखें)*

कभी-कभी ऐसा हो सकता है कि दुर्घटना के बाद आपकी धनार्जन क्षमता का सही आकलन करने के लिए हमारे पास वह जानकारी न हो जिसकी हमें आवश्यकता है। ऐसी स्थिति में हम आपके लिए एक फंक्शनल और/या वोकेशनल कैपेसिटी असेसमेंट करवाने की व्यवस्था कर सकते हैं। आकलन एक रिहैबिलिटेशन कंसल्टेंट द्वारा किया जाएगा जो आपकी कार्य कर पाने की और व्यवसायिक क्षमता का आकलन करने में योग्यता प्राप्त है। यदि हम ऐसे आकलन का प्रबंध करवाने का निर्णय लेते हैं तो हम आपसे संपर्क करके आपको इस प्रक्रिया की जानकारी और आपके प्रश्नों के उत्तर देंगे।

## मुझे यह कैसे पता चलेगा कि मेरे दावे पर कोई फ़ैसला कर लिया गया है?

सामान्यतया, जब भी आप हमें अपने जी पी द्वारा प्रदत्त कोई नया सर्टिफिकेट ऑफ़ कैपेसिटी या सर्टिफिकेट ऑफ़ फ़िटनेस प्रदान करेंगे, हम आपकी अर्निंग कैपेसिटी पर पुनर्विचार करेंगे। दावे की पूरी प्रक्रिया के दौरान हम आपके जी पी या उपचार प्रदाता से चिकित्सीय रिपोर्ट भी माँगेगे क्योंकि इनसे हमें आपकी अर्निंग कैपेसिटी को बेहतर तरीके से समझने में सहायता मिलती है।

कोई निर्णय लेने से पहले हम आपसे संपर्क करके आपको बताएँगे कि हम आपकी अर्निंग कैपेसिटी का पुनर्निर्धारण कर रहे हैं। फिर हम आपको वह जानकारी प्रदान करने के लिए समय देंगे जो आपकी समझ के अनुसार यह निर्धारण करने में हमारी सहायता कर सकती है। जब हम निर्णय ले लेते हैं तो हम आपको फ़ोन करके आपसे चर्चा करेंगे और एक पत्र भेजेंगे जिसमें यह बताया जाएगा कि हमने अपना निर्णय किस तरह से लिया और यदि हमने किसी जानकारी का इस्तेमाल किया था, तो हम उसकी प्रतिलिपि आपको देंगे।

हो सकता है कि अर्निंग कैपेसिटी संबंधी निर्णय से आपके साप्ताहिक लाभ के भुगतानों पर कोई भी प्रभाव न पड़े, वह बिलकुल बंद हो जाएँ, या उनकी राशि अधिक या कम हो जाए। यह सब उस जानकारी पर निर्भर करता है जो हमें प्राप्त होती है।

जब आपको हमारा पत्र मिले तो हम यह सिफ़ारिश करेंगे कि आप उसे ध्यान से पढ़ कर यह सब समझ लें:

- आपके दावे पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा
- आपके साप्ताहिक लाभों पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा
- निर्णय लिए जाने के कारण क्या थे
- अपना निर्णय लेते समय हमने कौन सी जानकारी को ध्यान में रखा था
- निर्णय किस तिथि से लागू होगा
- यदि आप हमारे निर्णय से असहमत हैं तो आपके लिए रिव्यू के विकल्प।

यदि आपके पास कोई अन्य जानकारी है और आप चाहते हैं कि हम उसे भी ध्यान में रखें तो कृपया उसे हमारे पास भेज दें और हम अपने निर्णय पर पुनर्विचार करेंगे। यदि आपको लगता है कि हमसे कोई भूल हुई है तो कृपया हमसे चर्चा करें ताकि हम अपने निर्णय पर पुनर्विचार कर सकें।

**यदि मेरे साप्ताहिक लाभ कम कर दिये जाते हैं तो मुझे कितने समय का नोटिस मिलेगा?**

हम समझते हैं कि किसी भी अर्निंग कैपेसिटी संबंधी निर्णय से आप और आपके परिवार पर प्रभाव पड़ सकता है। इसी कारण से, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम आपको नोटिस का कुछ समय दें। एक्ट के अनुसार, हम आपको कितने समय का नोटिस देंगे, यह इस पर निर्भर करता है कि आपकी दुर्घटना के बाद कितना समय बीत चुका है।

आपको निम्नलिखित नोटिस का समय दिया जाएगा:

- यदि आपकी वाहन दुर्घटना 14 सप्ताह या इससे कम समय पहले हुई थी, तो दो सप्ताह, या
- यदि आपकी वाहन दुर्घटना के बाद 14 सप्ताह से अधिक लेकिन 78 सप्ताह से कम समय बीता है, तो चार सप्ताह, या
- यदि आपकी वाहन दुर्घटना 78 सप्ताह या इससे अधिक पहले हुई थी, तो आठ सप्ताह।

## यदि वाहन दुर्घटना के बाद मेरी नौकरी संबंधी परिस्थितियों में कोई परिवर्तन हुआ है तो?

अपने क्लेम्स एड्वाइज़र को जल्दी से जल्दी यह बात बताएँ। यदि आप काम पर जाने लगते हैं, नई नौकरी आरंभ करते हैं, या आप जितने पैसे कमाते हैं, उसमें परिवर्तन होता है और आप अब अधिक या कम पैसे कमाने लगे हैं तो आपको अपने क्लेम्स एड्वाइज़र को सूचित करना होगा।

आप अपने क्लेम्स एड्वाइज़र को फ़ोन कर सकते हैं या उसे अपने परिवर्तन की सूचना ईमेल द्वारा दे सकते हैं।

**यदि वाहन दुर्घटना के कारण मेरी नौकरी चली गई है तो?**

यदि वाहन दुर्घटना में आपको लगी चोटों के कारण आप दुर्घटना से पहले के अपने काम पर नहीं लौट सकते हैं तो चोट से उबरने की अवधि के दौरान हम आपकी सहायता करेंगे और आपकी अर्निंग कैपेसिटी के अनुरूप एक नई नौकरी खोजने में आपकी सहायता करेंगे।

ऐसी परिस्थितियों में हम आपकी अर्निंग कैपेसिटी का निर्धारण निम्नलिखित तरीकों से करेंगे:

- आपके जी पी द्वारा आपकी काम कर पाने की क्षमता की जानकारी पर विचार करके
- दुर्घटना से पहले के आपके नौकरी के इतिहास के अनुसार किसी ऐसे अन्य रोज़गार के लिए आपकी पात्रता का निर्धारण जो आपके लिए यथोचित रूप से उपलब्ध है।

## यदि मैं अर्निंग कैपेसिटी के निर्णय से सहमत नहीं हूँ तो?

यदि आपकी अर्निंग कैपेसिटी के बारे में लिए गए निर्णय से आप सहमत नहीं हैं तो आप इंटरनल डिसप्यूट रिज़ोल्यूशन टीम द्वारा रिव्यू किए जाने के लिए अनुरोध कर सकते हैं। उनसे संपर्क की जानकारी लेने के लिए कृपया अपने क्लेम्स एड्वाइज़र से संपर्क करें या संलग्न “इंटरनल रिव्यू” तथ्य पत्र देखें।

और यदि आप हमारी सेवा के स्तर से असंतुष्ट हैं तो आप शिकायत कर सकते हैं। शिकायत करने के लिए संपर्क की जानकारी लेने के लिए कृपया अपने क्लेम्स एड्वाइज़र से संपर्क करें या संलग्न “शिकायतें” तथ्य पत्र देखें।